भ्रष्टाचार | ब्यौहारी तहसील में लोकायुक्त का छापा

# 75 हजार की रिश्वत लेते सहायक खंड लेखापाल रंगे हाथों गिरफ्तार

**ब्यौहारी। जिले के ब्यौहारी तहसील परिसर से भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां रीवा लोकायुक्त की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।**



लोकायुक्त पुलिस ने ब्योहारी तहसील कार्यालय में पदस्थ सहायक खंड लेखापाल लल्लू प्रजापति को 75,000 रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी कर्मचारी एक सरकारी मकान से जुड़े मामले को निपटाने और उस पर से अवैध कब्जा हटाने के एवज में पीड़ित से मोटी रकम का सौदा कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, बाणसागर के रहने वाले शिकायतकर्ता रमेश प्रसाद रजक पिता मंगल प्रसाद रजक ने लोकायुक्त कार्यालय रीवा में इस बात की शिकायत दर्ज कराई थी कि तहसील के सहायक खंड लेखापाल लल्लू प्रजापति उनके सरकारी मकान के मामले को रफा-दफा करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि शिकायतकर्ता रमेश प्रसाद रजक कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि नगर परिषद खांड की उपाध्यक्ष सुधा रजक के पति हैं। जनप्रतिनिधि के परिवार से जुड़े होने के बावजूद आरोपी कर्मचारी उन पर लगातार पैसों के लिए दबाव बना रहा था।

### पहले भी ले चुका था 35,000 रूपये एडवांस

लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि आरोपी लल्लू प्रजापति ने पीड़ित रमेश रजक से सरकारी मकान का मामला पूरी तरह सुलझाने के नाम पर बड़ा सौदा किया था। इस सौदे के तहत आरोपी ने शिकायतकर्ता से पूर्व में ही 35,000 रूपये की राशि एडवांस के रूप में ऐंठ ली थी। इसके बाद भी वह बाकी की रकम के लिए लगातार दबाव बना रहा था, जिससे परेशान होकर पीड़ित ने कानून की मदद लेने का फैसला किया।

### तहसील परिसर में बिछाया गया जाल

शिकायत की पुष्टि होने के बाद लोकायुक्त रीवा की टीम ने ब्योहारी तहसील कार्यालय में घेराबंदी की। तय रणनीति के मुताबिक, जैसे ही रमेश प्रसाद रजक ने आरोपी लल्लू प्रजापति को 75,000 रूपये की नकद राशि थमाई, वैसे ही सादे कपड़ों में मुस्तैद लोकायुक्त की टीम ने धावा बोल दिया। आरोपी को रिश्वत के पैसों के साथ रंगे हाथों दबोच लिया गया और उसके हाथ धुलवाए जाने पर वे गुलाबी हो गए।

> **15 दिनों के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई, हड़कंप**
>
> इस कार्रवाई के बाद पूरे तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई और अन्य कर्मचारियों में हड़कंप देखा गया। ध्यान देने वाली बात यह है कि ब्योहारी में भ्रष्टाचार का यह कोई पहला मामला नहीं है। महज 15 दिन पहले ही लोकायुक्त रीवा की टीम ने ब्योहारी के ब्यौहारी कार्यालय में भी एक अन्य कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए दबोचा था। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों ने प्रशासनिक हलकों में भ्रष्टाचार की जड़ों को उजागर कर दिया है। फिलहाल लोकायुक्त पुलिस आरोपी के खिलाफभ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।



# प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ टिप्पणी से भड़की कांग्रेस

▸ जलाया सीएम का पुतला

**नवभारत, धनपुरी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरुद्ध मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन में बुढार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में धनपुरी मुख्य चौक पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे बुढार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि एक तरफ जहां प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, वह बिगड़ती कानून व्यवस्था की समस्या है वहीं प्रदेश की मुखिया द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के विरुद्ध अमर्यादित व व्यक्तिगत टिप्पणी करना संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देता इसके विरोध में बुढार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के दौरान पुलिस व कांग्रेसियों में नोक झोंक भी देखने को मिली कांग्रेस कमेटी का कहना है की प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी का सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हनुमान खंडेलवाल, मुबारक मास्टर, आनंद मोहन जायसवाल, मोहम्मद आजाद, अशोक सिंह, संतोष सिंह सेंगर, राजीव शर्मा, अनिल जायसवाल, ओंकार सिंह, मनोज जैन, महिला नेत्री नीलम सिंह, पार्षद मोहन बैगा, आरिफ अफरीदी, वसीम खान, विक्की पटेल, निक्की तिवारी, सोमू मोहम्मद रियाज, चिंटू विश्वकर्मा, उमेश यादव, पुष्पेंद्र शर्मा, आदिल खान, जितेंद्र जायसवाल, सुरेश विश्वकर्मा, अनस मोहम्मद इरशाद, सचिन शेरखान, विकास कुमार, मोहम्मद इरशाद, फैज कुरैशी, शिवम सिंह सहित कई कार्यकर्ता व कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे।

# नगर गौरव सम्मान से अलंकृत हुए जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान

▸ धनपुरी की माटी के सपूत को मिला नागरिक अभिनंदन, शब्दों में छलका नगर का गौरव और आत्मीय सम्मान



**धनपुरी।** संस्कार, सभ्यता और प्रतिभा की उर्वरा भूमि धनपुरी ने एक बार फिर अपने उस सपूत का अभिनंदन किया, जिसने न्याय, नैतिकता और मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। नगर पत्रकार परिषद कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय समारोह में जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान को 'नगर गौरव सम्मान' से अलंकृत किया गया। यह अवसर केवल एक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि धनपुरी की उस गौरवशाली परंपरा का उत्सव था, जो अपनी माटी से जन्मे प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों को हृदय से सहेजना जानती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के वरिष्ठजनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। समारोह में पत्रकार, अधिवक्ता, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरा वातावरण आत्मीयता, गर्व और सांस्कृतिक गरिमा से ओतप्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। *इस अवसर पर स्पेशल ब्लास्ट कंपनी के डायरेक्टर राजीव सिंह ने अपने प्रभावशाली संबोधन में कहा कि माननीय जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान केवल एक नाम नहीं, बल्कि धनपुरी की मिट्टी की वह अनुपम धरोहर हैं, जिन पर पूरे नगर को गर्व है। न्यायपालिका जैसे गंभीर और गरिमामयी क्षेत्र में अपनी विद्वता, सादगी और निष्पक्षता से उन्होंने जो प्रतिष्ठा अर्जित की है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। धनपुरी की माटी सदैव से प्रतिभाओं को जन्म देती रही है, और हिदायत उल्ला खान साहब उसी परंपरा के चमकते हुए नक्षत्र हैं। ऐसे अनमोल रत्न समाज की धरोहर होते हैं, जिन्हें सम्मान और स्नेह से संजोकर रखना हम सबका दायित्व है।'

**इसके पश्चात नगर के वरिष्ठ पत्रकार सनत शर्मा ने अत्यंत भावपूर्ण शब्दों में कहा**–'ईद मिलन की खुशियां और पत्रकारिता दिवस की गरिमा के बीच यह आयोजन अपने आप में विशेष बन गया है हमारे बीच उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं किंतु जब बात नगर गौरव की आती है तो हिदायत उल्ला खान का नाम सर्वप्रथम स्मरण में आता है।

**शमीम खान ने कहा कि**–पत्रकारिता और न्यायपालिका दोनों ही समाज के लोकतांत्रिक स्तंभ हैं। हिदायत उल्ला खान साहब ने जिस निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, वह युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाला है। समारोह के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता रवीन्द्र तिवारी, आलोक राय, जयकांत मिश्रा, मनोज गौतम, इस्लाम मोहम्मद, विनोद शर्मा जी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मुबारक मास्टर, वरिष्ठ पत्रकार शमीम खान, ब्रजवासी अग्रवाल, डॉ. विजय सिंह, मुरलीधर त्रिपाठी, मोहम्मद आज़ाद, शफीक खान, सुजीत जैन, राजू अग्रवाल, अतीक खान, मोहम्मद नदीम, असलम खान, मोहम्मद इस्माईल, शेख इम्तियाज़, सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सोन नदी में अवैध रेत उत्खनन का आरोप, ग्रामीणों ने कार्रवाई की उठाई मांग



**शहडोल।** क्षेत्र के सकरिया बोचकी के समीप स्थित सोन नदी में कथित रूप से अवैध रेत उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बाहरी लोगों द्वारा नदी से लगातार रेत निकाली जा रही है और उसका भंडारण कर सड़क किनारे बड़े-बड़े ढेर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार अवैध उत्खनन के चलते सोन नदी के प्राकृतिक स्वरूप पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि लगातार हो रहे रेत खनन से नदी का जलस्तर और आसपास का पारिस्थितिक संतुलन प्रभावित हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में रेत माफिया सक्रिय हैं और नियमों की अनदेखी कर खुलेआम रेत का उत्खनन किया जा रहा है। इससे शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति भी निर्मित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

# साड़ी गोदाम में भीषण आग, लाखों का नुकसान

▸ दमकल कर्मियों की तत्परता से टला बड़ा हादसा, रिहायशी इलाके में मची अफरा-तफरी

**नवभारत, धनपुरी।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17 स्थित माइकल चौक में सोमवार तड़के एक सेकेंड हैंड साड़ी गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते गोदाम में रखा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस अग्निकांड में करीब 15 लाख रुपये से अधिक की सामग्री नष्ट हो गई है।



जानकारी के मुताबिक गोदाम वार्ड क्रमांक 17 निवासी कपड़ा व्यवसायी मोहम्मद अरशद का बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। घटना के समय अचानक उठती ऊंची लपटों और धुएं के गुबार को देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। चूंकि गोदाम घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में स्थित है, इसलिए स्थानीय नागरिकों को किसी बड़े हादसे की आशंका सताने लगी। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। संकरी गलियों और अन्य परिस्थितियों के कारण दमकल वाहन को पहुंचने में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन मौके पर पहुंचते ही दमकल कर्मियों ने पूरी मुस्तैदी और तत्परता के साथ आग बुझाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आग आसपास के मकानों तक फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था।

# स्ट्रीट लाइट कार्यों के नाम पर 54 की एलटी केबल का 110 रूपये बिल

▸ एक ही सामान, लेकिन हर बिल में अलग-अलग दर




**नवभारत, बुढ़ार।** जनपद पंचायत बुढ़ार अंतर्गत ग्राम पंचायत केशवाही, जमुनिहा और सकरा में स्ट्रीट लाइट कार्यों के नाम पर लगाए गए सामग्री बिल अब सवालों के घेरे में आ गए हैं। सामने आए बिलों, स्थानीय बाजार मूल्य और भुगतान प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर प्रश्न उठाए हैं। मामला केवल स्ट्रीट लाइट लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अब चर्चा सामग्री की कीमत, अलग-अलग बिलों में अलग दर, भुगतान की प्रक्रिया, सप्लायर फर्म और निगरानी व्यवस्था तक पहुँच गई है।

**एक ही सामान लेकिन हर पंचायत में अलग कीमत क्यों?**– उपलब्ध बिलों में स्ट्रीट लाइट कार्यों में उपयोग की गई एलटी केबल, पोल, एलईडी लाइट, स्टे-सेट तथा अन्य सामग्री की दरें अलग-अलग दिखाई देने का दावा किया जा रहा है।

**स्थानीय स्तर पर लगाए जा रहे आरोपों के अनुसार**– एलटी केबल की बाजार कीमत लगभग 54 प्रति मीटर बताई जा रही है, जबकि कुछ बिलों में लगभग 110 प्रति मीटर तक की दर दर्ज है। पोल की बाजार कीमत लगभग 1900 बताई जा रही है, जबकि उपलब्ध बिलों में इससे कहीं अधिक राशि दिखाई देने की बात कही जा रही है।

**सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है** यदि सामग्री समान, कार्य समान और सप्लायर समान हैं, तो फिर अलग-अलग बिलों में अलग-अलग दरें किस आधार पर तय की गईं।

**केशवाही, जमुनिहा और सकरा पंचायत के बिलों ने क्यों बढ़ाई हलचल** तीनों पंचायतों के स्ट्रीट लाइट बिलों में एक जैसी सामग्री के अलग-अलग मूल्य दर्ज होने की बात सामने आने के बाद लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों और समाजसेवियों का कहना है कि सरकारी भुगतान प्रक्रिया में सामान्यत: सामग्री की कीमतें बाजार सर्वेक्षण, दर सूची, निविदा या मूल्य निर्धारण प्रक्रिया के आधार पर तय की जाती हैं। ऐसे में यदि एक ही प्रकार की सामग्री अलग-अलग कीमतों पर दर्शाई गई है, तो उसकी प्रक्रिया सार्वजनिक रूप से स्पष्ट की जानी चाहिए।

**जय बजरंग ट्रेडर्स 'फर्म और खरीद प्रक्रिया पर सवाल**– उपलब्ध दस्तावेजों में दिखाई दे रही 'जय बजरंग ट्रेडर्स' फर्म को लेकर भी कई प्रश्न उठ रहे हैं।

**लोग जानना चाहते हैं**– क्या सामग्री खरीद के लिए निविदा अथवा दर-मूल्य प्रक्रिया अपनाई गई थी। सामग्री की कीमत किस आधार पर तय की गई। क्या बाजार मूल्य का सत्यापन किया गया। भुगतान से पहले सामग्री का तकनीकी और भौतिक परीक्षण हुआ या नहीं।

**जितेंद्र विश्वकर्मा का नाम फिर चर्चा में, पुराने विवादों की भी चर्चा**

मामले के बीच बिजली विभाग से जुड़े जितेंद्र विश्वकर्मा का नाम भी स्थानीय चर्चाओं में सामने आ रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर यह दावा किया जा रहा है कि पूर्व में भी उनसे जुड़े विभिन्न विवाद और शिकायतें सामने आती रही हैं। अब लोग यह भी पूछ रहे हैं कि यदि किसी कर्मचारी को लेकर पहले से शिकायतें रही हैं, तो पंचायत स्तर के कार्यों में जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था कितनी प्रभावी थी।

> **जनता और समाजसेवी पूछ रहे हैं**
>
> ग्राम पंचायत केशवाही, जमुनिहा और सकरा में स्ट्रीट लाइट सामग्री के इन बिलों का भुगतान आखिर किस योजना, किस बजट और किस नियम के तहत किया गया।
>
> **सबसे बड़ा सवाल** – भुगतान किस बजट और किस नियम से हुआ। मामले का सबसे अहम पहलू अब वित्तीय प्रक्रिया बन चुका है।

**सवाल**

* प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त थी।
* तकनीकी स्वीकृति जारी हुई थी।
* भुगतान से पहले सामग्री और उसकी कीमतों का सत्यापन हुआ था।

जनपद पंचायत बुढ़ार और जिला पंचायत प्रशासन से जवाब की मांग। अब निगाहें जनपद पंचायत बुढ़ार, जिला पंचायत प्रशासन और संबंधित विभागों पर टिक गई हैं। 54 की केबल 110 कैसे बनी। 1900 के पोल के बढ़े हुए दाम किस आधार पर लगाए गए। और एक ही सामान के हर बिल में अलग-अलग दर आखिर क्यों। 'अब देखना होगा कि प्रशासन इन उठते सवालों का जवाब देता है या मामले की जांच आगे बढ़ती है।

## पहले ही प्रयास में शौर्य गुप्ता ने हासिल की सफलता



**शहडोल।** महर्षि विद्या मंदिर, शहडोल के होनहार छात्र शौर्य गुप्ता ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम प्रयास में पूरे भारत में 17060वीं रैंक प्राप्त कर आईआईटी कॉलेज में बी.टेक पाठ्यक्रम हेतु चयन हासिल किया है। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे शहडोल नगर में हर्ष का माहौल है। शौर्य गुप्ता, श्री संजय गुप्ता एवं श्रीमती प्रियंका देवी गुप्ता के सुपुत्र हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर यह सफलता अर्जित कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जेईई एडवांस्ड जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा के माध्यम से आईआईटी में चयनित होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि माना जाता है। शौर्य की सफलता ने अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा प्रस्तुत की है। छात्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना तिवारी एवं समस्त विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## काजोल सिंह को ब्यौहारी एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने प्रशासनिक कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले में राजस्व अधिकारियों के कार्य दायित्वों में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार काजोल सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जयसिंहनगर को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ब्यौहारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक फेरबदल करते हुए तहसीलदार बुढार सुमित गुर्जर को ब्यौहारी तहसील में पदस्थ किया है। वहीं तहसीलदार ब्यौहारी राजकुमार कोल को कलेक्टर कार्यालय शहडोल में पदस्थ करने के आदेश जारी किए गए हैं।



# शहडोल की बास्केटबॉल बालिका टीम घोषित

**शहडोल।** जिला बास्केटबॉल संघ शहडोल की 17 वर्ष बालिका टीम 3 जून को उज्जैन के लिए रवाना होगी, जहां 4 जून से 7 जून 2026 तक आयोजित होने वाली ओपन स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। जिला बास्केटबॉल संघ की टीम पिछले कई वर्षों से राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करती रही है। इस वर्ष भी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। टीम के कोच राष्ट्रीय कोच के.के. श्रीवास्तव एवं टीम मैनेजर वीरेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में खिलाड़ी कुमारी आशी गुप्ता, आराध्या द्विवेदी, अनुष्का कारागंले, अवनी गर्ग, अन्वी अग्रवाल, दर्शिका गुप्ता, अपेक्षा सचान, शुभांशी अग्रवाल, आराध्या तिवारी, विभूति शुक्ला, यशस्वी तिवारी एवं कृपा गुप्ता प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में इंदौर में आयोजित 14 वर्ष बालिका ओपन स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शहडोल संभाग की टीम ने इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर एवं सागर जैसी मजबूत टीमों को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था तथा उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया था। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भी शहडोल संभाग ने भोपाल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिला बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने टीम को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा व्यक्त की है।

मंथन | संगठन विस्तार और जनसरोकारों पर मंथन

# निकाय चुनाव की रणभेरी : कांग्रेस कार्यकर्ताओं का शक्ति-संकल्प

**नवभारत, बुढ़ार।** आगामी निकाय चुनावों की तैयारियों को धार देने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से शनिवार, 30 मई 2026 को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़ार द्वारा एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश तथा जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष अजय अवस्थी के आवाहन पर आयोजित हुई। जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनोज सराफ की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़ार के अध्यक्ष अंकित सिंह ने की। बैठक में कांग्रेस संगठन की मजबूती, निकाय चुनाव की रणनीति, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।




वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव जनभावनाओं की संवाहक रही है और आगामी निकाय चुनाव जनता के विश्वास, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे आपसी समन्वय, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ संगठन को और अधिक सुदृढ़ करें तथा आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष मुबारक मास्टर, वरिष्ठ कांग्रेसी आनंद मोहन जायसवाल, मोहम्मद आज़ाद, संतोष सिंह सेंगर, राजीव शर्मा, , अशोक सिंह, इंद्र कुमार मिश्रा, सुनील सोनी, लाली सोनी, श्रीराम मिश्रा, नीलम सिंह, चम्पा केवट, अनुज सिंह, आदिवासी नेता विमल सिंह कोरचे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बकहो जवाहर राव, बुढ़ार नगर कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष पाठक, अमलाई मंडलम अध्यक्ष ओंकार सिंह, धनपुरी मंडलम अध्यक्ष अनिल जायसवाल, बुढ़ार क्रमांक-1 मंडलम अध्यक्ष मनोज जैन सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला शक्ति, युवा कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त रणविजय सिंह, सुजाता बैरागी, नीलम शुक्ला, महबूब खान, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष विक्की पटेल, शिवेंद्र सोनी, अयोध्या राव, संजय वर्मा, आरिफ अफ़रीदी, रियाज मोहम्मद, सालू, मौसीन भाई, निक्की तिवारी, राजू बारी, संजय सिंह, शिवम सिंह, श्री सुमित पांडे जी शंकर लोधी, सुरेश विश्वकर्मा, प्रिंस सेंगर, सैयद जुहैल, फैजल शेख, विकास चौधरी, मोहन कुमार, सूर्या प्रताप सिंह, जुल्फकार अली, इकबाल अहमद, पीर मोहम्मद, दीपक चौधरी, अनस ख़ान सहित अनेक कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक के समापन अवसर पर उपस्थित समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को आगामी चुनावों में ऐतिहासिक सफलता दिलाने का संकल्प दोहराया गया।